न्यायालय अपर सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट बिधूना, औरैया

सिविल वाद संख्या–878/2022 (133/2001)

CNR.No.UPAU120046282022

रमेशचन्द्र आदि बनाम मानपाल।

दिनांकः–19.01.2026

पत्रावली लंच बाद पेश हुई। पुकार करायी गयी। बार–बार पुकार पर कोई भी पक्षकार उपस्थित नहीं है। पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि उपरोक्त वाद वास्ते वादीगण उपस्थिति/साक्ष्य हेतु नियत है। प्रस्तुत वाद न्यायालय के समक्ष सन 2001 से लम्बित है, जो अति प्राचीनतम वाद है एवं माननीय उच्च न्यायालय से शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित है। वादीगण का यह वाद स्थायी निषेधाज्ञा का वाद है। वाद उपरोक्त में वादीगण आज लंच बाद भी अनुपस्थित हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि वादीगण को वाद चलाने में रूचि नहीं है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त पत्रावली उभयपक्ष की अनुपस्थिति में खारिज किये जाने योग्य है।

आदेश

अतः उपरोक्त पत्रावली उभयपक्ष की अनुपस्थिति में आदेश 9 नियम 3 सी0पी0सी0 में खारिज की जाती है। सिविल वाद संख्या–878/2022 (133/2001) नियमानुसार दाखिल अभिलेखागार की जाये।

(कुशाग्र मिश्र)
अपर सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट
बिधूना, औरैया।
J.O.Code : UP4693